**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 28 मई 2024, समय 1810 (10 मिनट))**

- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि निवर्तमान 17 वीं लोकसभा महिला आरक्षण विधेयक और भारतीय न्याय संहिता जैसे विधेयक पारित करने के साथ साथ अपने ऐतिहासिक निर्णयों के लिए जानी जायेगी।
- पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह और चार अन्य आरोपियों को रणजीत सिंह हत्या मामले में बरी किया।
- भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने कैथल जिला परिषद में 10 करोड़ रूपये के घोटाले में कार्यकारी अभियंता एवं उपमंडल अधिकारी सहित 7 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया।
- पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में अधिकतम तापमान 45 से 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा, आगामी 2 दिनों तक राहत की कोई संभावना नहीं।
- हरियाणा के स्वास्थ्य विभाग ने लू के मद्देनजर विशेष इंतजाम किये।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि निवर्तमान 17वीं लोकसभा महिला आरक्षण विधेयक, तीन तलाक उन्मूलन और भारतीय न्याय संहिता जैसे विधेयकों को पारित करने के साथ-साथ अपने ऐतिहासिक कानूनों के लिए जानी जाएगी।

आज नई दिल्ली में आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में श्री बिरला ने अपने पांच साल के कार्यकाल को याद करते हुए कहा कि ये कानून देश को आगे ले जाएंगे और सकारात्मक बदलाव लाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि 17वीं

लोकसभा के दौरान हुई चर्चा और बहस वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लिए एक रोडमैप के रूप में काम करेगी।

..............................................................................

पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने आज डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह और चार अन्य आरोपियों को पूर्व डेरा प्रबंधक रणजीत सिंह की हत्या के मामले में बरी कर दिया।

न्यायमूर्ति सुरेश्वर ठाकुर और न्यायमूर्ति ललित बत्रा की खंडपीठ ने 22 साल पुराने इस मामले में गुरमीत राम रहीम और चार अन्य आरोपियों द्वारा दायर याचिका पर यह फैसला सुनाया।

अधिवक्ता जितेंद्र खुराना ने बताया कि इस मामले में वर्ष 2021 में हरियाणा की सी बी आई अदालत ने डेरा प्रमुख सहित चारों आरोपियों अवतार सिंह, जसबीर सिंह, सबदिल सिंह और कृष्ण लाल को उम्रकैद की सज़ा सुनाई थी।

काबिले गौर है कि गुरमीत राम रहीम सिंह फिलहाल पत्रकार रामचंद्र छत्रपति हत्याकांड और 2 साध्वियो से दुष्कर्म के मामले में सजा भुगत रहा है।

..............................................................................

कैथल जिला परिषद में सफाई के नाम पर करीब 10 करोड़ रूपये के घोटाले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने आज जिला परिषद के कार्यकारी अभियंता एवं उपमंडल अधिकारी सहित 7 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। हमारे संवाददाता ललित कुमार ने बताया है कि ब्यूरो की टीम गिरफ्तार किये गए अधिकारियों व ठेकेदारों से पूछताछ कर रही है। इस मामले की शिकायत कैथल से विधायक लीला राम द्वारा वर्ष 2021 में की गई थी और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की 10 टीमें इस मामले की जांच कर रही थीं।

गिरफ्तार किये गए व्यक्तियों में इस समय नारनौल में तैनात लेखाकर कुलवंत, पंचायती राज के ठकेदार दिल बाग सिंह, गांव फतेहपुर निवासी अभय संधु एवं पुंडरी निवासी अनिल व राजेश शामिल है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अधिकारी महेंद्र सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किये गए सभी व्यक्तियों को पूछताछ के बाद कल अदालत में पेश किया जायेगा।

.............................................................................

हरियाणा से बाहर रहने वाले मतदाताओं के मत पत्र आने शुरू हो गए है।

अंबाला छावनी डाकघर के प्रवर अधीक्षक विजय कुमार ने बताया कि अंबाला के 42 डाक मतपत्रों सहित अब तक हरियाणा में 14 हज़ार 236 मतपत्र आ चुके है, जिन्हें डाक घर के कर्मचारी गंतव्य पर पहूंचाने मे जुटे हैं। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग की आरे से मिले दिशा निर्देशों के अनुसार हरियाणा के लिए लगभग एक लाख डाक मतपत्र जारी हूए थे। श्री विजय कुमार ने बताया कि डाक मतपत्र से वोट देने पर आया सारा खर्च निर्वाचन आयोग वहन करेगा।

उन्होंने कहा कि अब तक मिले सभी मतपत्र आज शाम 8 बजे तक गंतव्य पर पहूंच जायेंगे। श्री विजय कुमार ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा सभी 10 लोकसभा क्षेत्रों में नियुक्त किये गए नोडल अधिकारी डाक विभाग से तालमेल बनाये हुए हैं। उन्हे डाक मतपत्र सौंपे जायेंगे।

.............................................................................

पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में अधिकतम तापमान 45 से 48 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है।

चंडीगढ़ सहित हरियाणा के उत्तरी हिस्सों में तापमान 44 से 45 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जा रहा है जबकि दक्षिणी और पश्चिमी हरियाणा में पारा 46 से 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है।

मौसम विभाग ने कहा है कि अगले 2 दिनों तक अधिकतम तापमान मे परिवर्तन की कोई संभावना नहीं है। उसके बाद अगले 3 दिनों के दौरान तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है।

.................................................................................

हरियाणा में पड़ रही भीषण गर्मी और लू के चलते कुरूक्षेत्र जिले का तापमान भी 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है।

***‘‘कुरूक्षेत्र में आज भीषण गर्मी और लू के चलते सड़को एवं बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। लू लगने के डर से लोग बिना किसी जरूरी काम के घरों से नहीं निकल रहे। इस धार्मिक नगरी में ब्रहम् सरोवर पर स्नान करने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या भी कम हो गई है। इन दिनों ब्रहम् सरोवर पर गिने चुने पर्यटक ही दिखाई दे रहे है। इंसान ही नहीं भीषण गर्मी से पक्षी और जानवर भी बेहाल है। संगीता, आकाशवाणी समाचार, कुरूक्षेत्र’’***

हमारी संवाददाता ने बताया है कि लोग राजस्व एवं आपदा प्रबंधक विभाग द्वारा जारी एडवाइजरी को गंभीरता से ले रहे हैं और पशु पालन विभाग की सलाह के अनुसार दुधारू पशुओं की देखभाल कर रहे हैं।

करनाल से हमारे संवाददाता पवन कुमार ने बताया है कि भीषण गर्मी का दुधारू पशुओं पर खासा असर देखा जा रहा है। पारा बढ़ने से दूध उत्पादन भी प्रभावित हुआ है।

पशुपालक दुधारू पशुओं को गर्मी से बचाने के लिए पंखे, कूलर, पानी और देसी नुस्खों का इस्तेमाल कर रहे हैं।

..........................................................................................

हरियाणा स्वास्थ्य विभाग ने प्रदेश में पारा बढ़ने और लू चलने के मद्देनजर कई प्रबंध किए हैं।

हरियाणा स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक डॉक्टर रणदीप पूनिया ने बताया कि सभी जिलों के सरकारी अस्पतालों में लू से पीड़ित मरीजों के लिए विशेष वार्ड बनाए गए हैं। अस्पतालों में पर्याप्त दवाईयों का प्रबंध भी किया गया है। उन्होंने कहा कि बढ़ती गर्मी को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा एडवाइजरी भी जारी की गई है। आइए और जानकारी लेते हैं डॉक्टर रणदीप पूनिया से:-

डॉक्टर रणदीप पूनिया ने कहा कि जिन अस्पतालों में ओपीडी के अधिक मरीज आते हैं वहां पर पंखों एंव कूलर की व्यवस्था करने तथा अस्पताल में ओआरएस कार्नर बनाकर यह घोल उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए हैं।

..................................................................................

हरियाणा सरकार द्वारा पलवल के दुधौला में स्थापित श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने आज 6 नए पाठ्यक्रम शुरू किए। यह सभी पाठ्क्रम रोजगारपरक होंगे। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने दाखिला मुहिम के लिए एक रोबोट भी लॉन्च किया। यह रोबोट देश के पहले राजकीय कौशल विश्वविद्यालय के बारे में हर जानकारी बोल कर और लिख कर देगा। डॉ. राज नेहरू ने बताया कि यह रोबोट कंप्यूटर साइंस एवं सूचना प्रौद्योगिकी के कौशल विज्ञान विभाग की अध्यक्ष प्रोफेसर ऊषा बत्रा के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने बनाया है। रोबोट के लिए समाज सेवी संगठन उत्सव फाउंडेशन ने विद्यार्थियों को फंड प्रदान किया।

..................................................................................

किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी (आत्मा) योजना के तहत वर्ष 2024-25 में कृषि विस्तार कार्यक्रमों पर लगभग 2 करोड़ 25 लाख रूपये खर्च किए जाएंगे। इसके अंतर्गत किसानों को नई तकनीकों बारे जानकारी बढ़ाने के लिए दूसरे प्रदेशों का भ्रमण करवाया जाएगा ताकि वो वहां की तकनीक से अपनी आमदनी को बढ़ा सके।

पंचकूला के उपायुक्त डा. यश गर्ग ने आज कृषि विभाग की आत्मा योजना को लेकर पंचकूला में एक बैठक की अध्यक्षता करने के बाद यह जानकारी दी।

उपायुक्त ने बताया कि किसानों को जागरूक करने के लिए प्रत्येक गांव में जागरूकता शिविर लगाया जाएगा। किसानों को खंड एवं जिला स्तर पर प्रशिक्षण दिलवाया जाएगा। ये प्रशिक्षण खंड अनुसार अलग-अलग विषय पर होगा।

डा. गर्ग ने बताया कि जिला स्तर पर प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जाएगा। इसके अलावा रायपुर रानी और बरवाला में किसानों के लिए कृषि मेलों का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि अग्रणी किसानों के खेतों में फार्म स्कूल शुरू किए जाएंगे। जहां पर किसी भी फसल के शुरूआत से अंत तक के प्रयोग पर निगरानी रखते हुए प्रशिक्षण दिया जाएगा।

.....................................................................